## संक्षिप्त

### विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया

**शाहपुरा, (निसं)।** विधानसभा क्षेत्र के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में पेयजल और बिजली कटौती की विकट समस्या को लेकर शाहपुरा विधायक मनीष यादव सोमवार को मुख्य सचिव सुधांश पंत से मुलाकात कर क्षेत्र की समस्याओं से अवगत करवाया। विधायक ने कहा कि जल जीवन मिशन योजना में भारी अव्यवस्था के कारण कार्य की स्थिति बहुत दयनीय है, जिस कारण पानी की किल्लत को लेकर आमजन बेहद परेशान है। विधायक मनीष यादव ने पंचायत समिति की साधारण सभा में जनस्वास्थय एवं अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को पेयजल सम्बन्धी समस्याओं के सम्बन्ध में पूर्व तैयारी हेतु अवगत करवाया था, साथ ही विधायक ने जिला कलक्टर जयपुर ठाामीण को भी इस संदर्भ में अवगत करवाया था। विधायक मनीष यादव ने मुख्य सचिव को पत्र में अस्पताल, ग़रीब, मध्यम वर्ग, किसान और मजदूरों की समस्याओं के बारे में अवगत करवाया।विधायक ने कहा कि इस भीषण गर्मी में हीटस्ट्रोक के मरीजो की संख्या बढ़ने से क्षेत्रीय अस्पतालों के आईपीडी में लगभग 250 फ़ीसदी की वृद्धि हुई है। विधायक ने मुख्य सचिव से कहा है कि जल्द से जल्द इन समस्याओं पर ध्यान देते हुए समाधान करवाया जाए।

### खेत के पास वृद्ध का शव मिला

**बौंली-बामनवास, (निसं)।** क्षेत्र के जोलंदा एवं महेश्वरा गांव के बीच सडक किनारे खेत के पास एक 62 वर्षीय वृद्ध का शव पडा मिला। सूचना के बाद खिरनी चौकी पुलिस मौके पर पहुंची एवं घटना की जानकारी बौंली पुलिस थाने को दी। सूचना पाकर पुलिस उपाधीक्षक अंगद शर्मा सर्किल इंस्पेक्टर अवतार सिंह मय बल के मौके पर पहुंचे एवं शव को बौंली चिकित्सालय के मोर्चरी में रखवा मेडिकल बोर्ड की टीम से पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। बौंली सर्किल इंस्पेक्टर अवतार सिंह ने बताया कि मृतक की पहचान गंगाराम रैगर उम्र 62 वर्ष निवासी गोगोर के रूप में हुई है। उसके पुत्र ग्यारसी लाल रैगर ने बताया कि जोलंदा गांव में मेरे साले की शादी के चलते गांव आए थे कल सुबह से ही मेरे पिता गंगाराम लापता थे जिनका आज शव मिला। पुलिस ने मामला दर्ज कर एसएफएल टीम को जांच के लिए नमूने भेजे हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद हत्या या दुर्घटना का खुलासा हो सकेगा।

### हत्या के आरोपियों को फांसी देने की मांग

**सांभरझील, (निसं)।** हत्या के आरोपियों को फांसी दिए जाने की मांग को लेकर सीएम भजनलाल के नाम एक ज्ञापन सोमवार को बीआर अंबेडकर चेतना समिति के सदस्यों की ओर से एसडीएम को दिया गया। ज्ञापन में बताया कि हिंडौन सिटी की नाबालिग मूकबधिर बालिका से दुष्कर्म के बाद जलाने, बलौदा में शराब ठेकेदार के लोगों द्वारा वाल्मीकि समाज के युवक की हत्या करने वाले आरोपियों के खिलाफ जल्द कार्रवाई कर पीड़ित परिवारों को न्याय दिलाया जाए। परिवारों के सदस्यों को एक एक करोड़ रुपए का मुआवजा व सरकारी नौकरी देने की मांग की भी की गयी। इस मौके पर निरंजन लाल सूत्रकर, विनोद दुलारिया, डॉ. ज्ञान प्रकाश दायमा, नाथूलाल बेरवाल, डॉ.नीलम मीणा, राहुल परेवा, नानकराम गेहनोलिया, में अरविंद मेहरड़ा, मोहनलाल गर्वा, दानमल जावालिया, दीनदयाल सबलानिया, अभिलाष तंबोलिया, राजेंद्र दुलारिया, नंदकिशोर सांभरिया, निरंजनलाल सूत्रकार, संदीप कुमार बुगालिया, दानाराम दुलारिया, विनोद कुमार गेहनोलिया, हिमांशु बुनकर, बाबूलाल सबलानिया, दिनेश चंद गोठवाल की मौजूदगी रही।

### पक्षियों के लिए परिंडे लगाए

**मनोहरपुर, (निसं)।** भीषण गर्मी को देखते हुए ग्राम पंचायत धानोता पंचायत भवन में पक्षियों के लिए परिंडे लगाए गए। इस दौरान ओम चौधरी प्रदेश उपाध्यक्ष पंचायती राज पूर्ण ब्रह्म समाज धानोता अध्यक्ष धर्मेंद्र शर्मा ठााम पंचायत ईमित्र संचालक रणजीत दूंन गोपाल प्रसाद, विकास शर्मा हनुमान जी यादव मौजूद थे।

### हैंडपंप शीघ्र सुधारने की मांग

**निवाई, (निसं)।** सिरस रेलवे स्टेशन के पास लगे दो हेडपंप पिछले एक माह से खराब होने से यात्रियों को पेयजल संकट का सामना करना पड रहा है। बाबूलाल योगी व रामजस मीणा ने बताया कि भीषण गर्मी के मौसम में हेडपंप खराब रहने से यात्रियों व ग्रामीणों को पीने के पानी के लिए तरसना पड रहा है।

# उपजिला कलेक्टर ने रोगियों को मिल रही सुविधा व योजनाओं की जानकारी ली

■ खामियों में तत्काल सुधार कर भर्ती रोगियों को राहत देने के निर्देश

**मालपुरा, (निसं)।** मौसम विभाग द्वारा जारी टोंक जिले में रेड अलर्ट व अगले एक सप्ताह तक पडने वाली प्रचण्ड गर्मी सहित सोमवार को मालपुरा उपखण्ड क्षेत्र में रहे 47 डिग्री तापमान को गंभीरता से लेते हुये जिला कलेक्टर के निर्देशों पर उपजिला कलेक्टर अमित कुमार चौधरी ने सरकारी अस्पताल का निरीक्षण कर अस्पताल में रोगियों को मिल रही सुविधा व व्यवस्थाओं की जमीनी हकीकत जानी।

सोमवार की सवेरे अस्पताल के औचक निरीक्षण पर पहुंचे उप जिला कलेक्टर ने अस्पताल की ओपीडी, रोगी वार्ड, निःशुल्क जांच व दवा योजना, टीकाकरण, शिशु वार्ड, लैबर रूम एवं प्रसुता वार्ड का निरीक्षण कर भर्ति रोगियों से सीधा-संवाद करते हुये अस्पताल में उन्हे मिल रही सुविधा व सरकारी योजनाओं के लाभ के साथ-साथ परेशानियों की जमीनी हकीकत जानी। अस्पताल के रोगी वार्ड में निरीक्षण के दौरान भारी उमस से मरीजों को हो रही परेशानी को गंभीरता से ले अस्पताल प्रशासन को व्यवस्थाओं में सुधार व मरीजों की सुविधाओं में विस्तार के निर्देश दिये। नोतपा के तीसरे दिन क्षेत्र में 47 डिग्री तापमान को देखते हुये आने वाले एक सप्ताह में प्रचण्ड गर्मी से अस्पताल मे मरीजों की संख्या बढने पर दवा काउंटर पर पर्याप्त मात्रा में दवाओं का स्टॉक रखने व रोगी वार्डो मे कुलर की संख्या बढाने के साथ-साथ सफाई व्यवस्था पर विशेष जोर दिया। वार्डो में बने शौचालयों की समय पर सफाई व फिनायल से पोंचे लगाने के लिये पाबंद किया गया।

अस्पताल मे चल रही आयुष्मान भारत चिकित्सा योजना के पैकेज का जरूरतमंद रोगियो को ज्यादा से ज्यादा लाभ देने व योजना के आंकडो मे पारदर्शिता बरतने के लिये निर्देशित किया। डॉ.अनिल मीणा व डॉ. यशवंत से अस्पताल की चिकित्सा व्यवस्थाओं को लेकर फिडबैक लिया। सीबीईईओ श्योजीलाल बैरवा ने लू व तापघात को देखते हुये उप जिला कलेक्टर के निर्देशो पर पचेवर व नगर स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण करने के पश्चात मिली खामियों को तत्काल दुरस्थ करने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार राहुल पारीक भी मौजूद रहै।



उप जिला कलेक्टर अमित कुमार ने मालपुरा के सरकारी अस्पताल का निरीक्षण कर व्यवस्थाऐं जांची।

### विश्व शांति महायज्ञ का समापन

**निवाई, (निसं)।** सकल दिगम्बर जैन समाज के तत्वावधान में सन्त निवास नसिंया जैन मंदिर में आर्यिका श्रुतमति, सुबोध मति व विशेषमति माताजी संघ के सानिध्य में 16 दिवसीय शांतिनाथ मण्डल विधान का विश्व शांति महायज्ञ का समापन हुआ। जिसमें सैंकडों श्रद्धालुओं ने हवन कुण्डों में आहुतियां दी। विश्व शांति महायज्ञ में प्रथम कुण्ड पर रमेश चंद, सोनू जैन, संजू जैन ललवाडी, गोपाल जैन, शंभू कठमाणा एवं द्वितीय कुण्ड पर सुरेशकुमार, धर्मचंद बडागांव एवं तृतीय कुण्ड पर धर्मचंद व दिनेशकुमार चंवरिया ने हवन कुण्डों में आहुतियां दी। जैन समाज के प्रवक्ता विमल जौंला ने बताया कि पण्डित सुरेशकुमार शास्त्री एवं अशोक भाणजा के निर्देशन में शांति मण्डल विधान की पूजा अर्चना की। जिसमें पांच मंगल कलश की स्थापना हुई। विधान में सभी सोधर्म इन्द्र परिवार एवं सभी इन्द्र इन्द्राणियों ने भगवान शांतिनाथ जी का कलशाभिषेक एवं शांतिधारा करके अष्ट द्रव्यों से पूजा अर्चना की। इस दौरान देव शास्त्र और गुरु पूजन आगम रक्षिका आर्यिका रत्न आदिमति माताजी पूजन के साथ शांतिनाथ मण्डल विधान की विशेष पूजा की।

# तहसील परिसर में लगाए परिंडे, पक्षी संरक्षण का संकल्प लिया

**पावटा, (निसं)।** उपखंड पावटा व तहसील परिसर में शक्ति कल्याण मानव संस्था के तत्वाधान में संरक्षक सुनील शर्मा व अध्यक्ष राजेश शर्मा के नेतृत्व में उपखंड अधिकारी पावटा कपिल उपाध्याय के मुख्य आतिथ्य व तहसीलदार प्रवीण कुमार सैनी की अध्यक्षता एवं जीवन ज्योति संस्था संरक्षक सुभाष गोयल, अधिवक्ता संघ पावटा अध्यक्ष विष्णु शर्मा, बाबा भूतनाथ कमेटी संरक्षक दिनेश शर्मा, बजरंग सिंह शेखावत, गजानंद टीलावत, विनोद पुजारी, विमल शर्मा, दीपक पटेल, हरिराम सैनी, जुगल किशोर यादव, एडवोकेट दिलीप सिंह, लोकेश शर्मा, बीएल आर्य के विशिष्ट आतिथ्य मे पशु पक्षियों के लिए परिंडे लगाने का कार्य किया गया।

जहां पर आगंतुक अतिथियों व संस्था के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं के द्वारा महिलाओं बच्चों के द्वारा 10 परिंडे लगाकर कार्यक्रम की शुरुआत की गई है। साथ ही आगे भी नियमित सेवा कार्य करने को लेकर सभी ने अलग-अलग जिमेदारियां ली। शक्ति कल्याण मानव संस्था अध्यक्ष राजेश शर्मा ने कहां है कि भीषण गर्मी के दौर मे सेवा कार्य करते हुए बेजुबान पशु पक्षियों के लिए परिंडे लगाने का कार्य किया जा रहा है। आगे भी यह सेवा कार्य जारी रहेगा। जिस तरह भीषण गर्मी का दौर लगातार जारी है। इस गर्मी में आमजन का हाल बेहाल है। लेकिन पशु पक्षियों की सुध लेने वाला कोई नहीं है। उनका भी हाल बेहाल है। जिसे देखते हुए पशु पक्षियों के लिए परिंडे लगाए गए हैं। और उनमें नियमित पानी डालने की और अन्य व्यवस्था करने की सभी ने अलग-अलग जिमेदारी ली है। इस दौरान उपखंड अधिकारी पावटा कपिल उपाध्याय ने कहाँ कि भीषण गर्मी में हालात ऐसे हैं कि हर कण्ठ को पानी की तलाश है। चाहे वह पशु-पक्षी हो या फिर हम इंसान, हम सभी में उतनी तो संवेदनशीलता होनी ही चाहिए कि पशु-पक्षियों को दाना-पानी की कहीं कोई समस्या नहीं आए।

बेजुवान पक्षियों के लिए परिंडे लगाकर पक्षियों को दाना डालना ओर उनके लिए पानी की व्यवस्था करना सबसे बडा पुण्य का कार्य करना है। वही तहसीलदार प्रवीण कुमार सैनी ने कहा हमारे द्वारा किया गया छोटा सा प्रयास तपती गर्मी में बेजुबान पक्षियों के लिए सुकून का जरिया बन सकता है। वो हाथ सदा पवित्र होते हैं जो प्रार्थना से ज्यादा सेवा के लिए उठते हैं। एडवोकेट विष्णु शर्मा सहित सभी अधिवक्ताओं ने परिंडे में पानी डालने व सार संभाल की जिमेदारी लेते हुए सभी का आभार प्रकट किया। इस मौके पर संस्था पदाधिकारी व सदस्यों सहित अन्य सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।



पक्षियों के लिए परिंडे लगाने का कार्य किया गया।

# बेजुबान परिंदों व पशुओं के लिए पानी की टंकियां रखवाई

■ पानी डालकर नियमित पानी की व्यवस्था करने का संकल्प लिया

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** कस्बा श्रीमाधोपुर सहित आसपास गांव मऊ के ग्रामीण क्षेत्र में भींषण गर्मी का दौर जारी है वहीं दूसरी ओर अब समाजसेवी तथा युवा टीम के सदस्य इस भीषण गर्मी में बेजुबान पक्षियों तथा पशुओं की सुध लेने का बीडा उठाया है। ग्राम मऊ के समाजसेवी महेश सैन ने अपनी टीम के साथियों के साथ बेजुबान पक्षियों के लिए दाना पानी की व्यवस्था करने का संकल्प लेते हुए अभियान शुरू किया। दोपहर में भींषण गर्मी एवं तेज धूप में घर से बाहर निकलकर अपनी टीम के साथ मऊ गांव में बेजुबान परिंदों तथा पशुओं के लिए सार्वजनिक स्थानों सहित हीरामल मंदिर मऊ स्थित बाजार, बिहारी जी मंदिर, बस स्टैंड भेरुजी महाराज मंदिर, श्री जाट बालाजी, अंबेडकर कॉलोनी, बालाजी मंदिर, सैन व तिवारी मोहल्ला, पीएचइडी क्वार्टर के पास कुल 11 पानी की टंकियां रखवाकर उनमें पानी डालकर नियमित पानी की व्यवस्था करने का संकल्प लिया। इससे पूर्व उन्होंने बेजुबान पक्षियों के लिए परिंडे लगाकर उनमें पानी डालकर दाने की व्यवस्थाएं की। इस दौरान अध्यापक हंसराज वर्मा, ठााम पंचायत मऊ के सरपंच प्रतिनिधि महेंद्र फौजी, दीपेंद्र सिंह, अध्यापक शिंभू पारीक, अनिल वर्मा, राजवीर सिंह, वीरेंद्र सिंह, गोपाल वर्मा, छीतरमल, महेश चुलेट, राकेश बिदावत, नंदकिशोर शर्मा, सुशील अग्रवाल, देव बिदावत, ओम नायक, रोशन पालीवाल, रवि वाल्मीकी, राकेश कुमावत, रविंद्र पालीवाल, गोपी सामोता, कृष्ण पालीवाल, नौरंग खोवाल, लोकेश सेन, कालू कुमावत, अजय सेन, विजय सेन, कृपाल विकास सहित टीम के सदस्य मौजूद रहें।



11 पानी की टंकियां रखवाकर उनमें पानी डाला गया।

### स्कूल में चोरी की वारदात

**पावटा, (निसं)।** उपखंड क्षेत्र में चोरों के हौसले बुलंद है। जहाँ राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पावटा में बीते रोज दिन में ही अज्ञात चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। चोरों ने स्कूल के आधा दर्जन से अधिक कमरों को खंगाला। विद्यालय प्राचार्य जयसिंह यादव ने स्कूल में होने वाली चोरी की जानकारी देते हुए बताया कि इन दिनों गर्मियों की छुट्टियां चल रही है। इस कारण छात्र और स्टाफ के सदस्यों का स्कूल आना जाना बंद है। विद्यालय में बने कक्ष क्रमांक ०6, 13, 14, 19, 26 में भंडारण कक्ष व कक्ष क्रमांक 22, 23 केमिस्ट्रि व फिजिक्स लैब, 28 मे बायो. लैब के ताले तोडकर चोर अंदर गए व इन कमरों को खंगाला। जब प्राचार्य स्कूल पहुंचे तो उन्हें कुछ संदेह हुआ। उन्होंने चेक किया तो कमरों के ताले टूटे दिखाई दिए। इसके बाद उन्होंने स्टाफ के अन्य सदस्यों को बुलाकर पूछताछ की। वही प्रागपुरा थाना पुलिस को घटना की सूचना दी गई। जहां पुलिस ने पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया।

# आबादी के नजदीक चलाये जा रहे कंनवर बेल्ट क्रेशर बंद कराने की मांग

■ ग्राम जोधपुरा संघर्ष समिति का धरना 537 वें दिन भी रहा जारी

**कोटपूतली, (निसं)।** कस्बे के ग्राम मोहनपुरा-जोधपुरा वासियों का अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट के खिलाफ पिछले 537 दिनों से लगातार अनिश्चितकालीन धरना जारी है। ग्राम जोधपुरा संघर्ष समिति के नेतृत्व में धरणार्थियों ने सोमवार को डीएसपी राजेन्द्र बुरडक को ज्ञापन सौंपकर अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट प्रशासन द्वारा पिछले 4-5 दिनों से लगातार बिना प्रशासन की अनुमति के आबादी के नजदीक कंनवर बेल्ट क्रेशर चलाने की शिकायत की।

जिस पर डीएसपी ने उचित कानूनी कार्यवाही का आश्वासन दिया। समिति उपाध्यक्ष सतपाल यादव ने बताया कि प्रशासन द्वारा अगर अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट पर कोई कानूनी कार्यवाही नहीं की जाती है एवं आबादी के नजदीक कंनवर बेल्ट क्रेशर को चलाया जाता है तो बड़ा आन्दोलन किया जायेगा।


जिसकी जिम्मेदारी स्थानीय प्रशासन की होगी। सामाजिक कार्यकर्ता राधेश्याम शुक्लावास ने डीएसपी को विस्तार से धरनार्थियों की समस्याओं से अवगत करवाया। इस दौरान सतपाल यादव, रामनिवास योगी, जितेंद्र यादव, हरिराम यादव, मूलचंद योगी, कानाराम यादव व मोहर सिंह योगी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलायें मौजूद रही।



डीएसपी राजेन्द्र बुरडक को ज्ञापन सौंपकर समस्याओं से महिलाओं ने अवगत कराया।


## सार-समाचार

### फुलेरा जंक्शन पर निशुल्क जल सेवा



**फुलेरा, (निसं)।** फुलेरा जंक्शन पर इस भीषण गर्मी के चलते रेल यात्रियों के लिए दो अलग-अलग संगठनों द्वारा पिछले कई दिनों चल रही निशुल्क जल सेवाओं में फुलेरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं जनसेवक विद्याधर सिंह चौधरी ने भी अपनी सेवाएं प्रदान कर धर्मलाभ कमाया। साथ ही उक्त जल सेवा में अपनी सेवाएं दे रहे सभी धर्म प्रेमियों का हौसला बढाया। गौरतलब है कि फुलेरा रेलवे स्टेशन पर दो अलग-अलग संगठन दैनिक रेल यात्री संघ एकीकृत फुलेरा तथा दैनिक रेल यात्री महासंघ फुलेरा के द्वारा पिछले कई दिनों से प्लेटफार्म नम्बर 1,2,3,4 व 5 पर स्काउट गाइड, दैनिक रेल यात्री, राजस्थान पेंशनर्स सोसायटी उपशाखा फुलेरा के पदाधिकारी, रेलवे पेंशनर्स सोसायटी फुलेरा के पदाधिकारी सहित अन्य धर्म प्रेमियों द्वारा पूर्ण जिम्मेदारी और सेवाभाव के साथ किया जा रहा है। जबकि क्षेत्र में नौतपा में भी धर्मप्रेमी उक्त जल सेवाओं में बढ़-चढ़कर भाग लेकर जल सेवा कर रहे है।

### आंगनबाड़ी व मनरेगा कार्यों का निरीक्षण



कोटपूतली, (निसं)। जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल के निर्देश पर एडीएम योगेश कुमार डागुर सोमवार को बानसूर उपखण्ड क्षेत्र के दौरे पर रहे। एडीएम ने हाजीपुर पहुंचकर आंगनबाडी का औचक निरीक्षण किया। वहां मौजूद महिला कार्मिकों व बच्चों से समस्यायें जानी। वहीं दुसरी ओर एडीएम डागुर हाजीपुर स्थित सपेरा की ढाणी पहुंचे। जहाँ उन्होंने पेयजल समस्या की जानकारी लेते हुये अधिकारियों को नियमित पेयजल आपूत के निर्देश दिये। साथ ही ग्रामीणों के कहने पर पेयजल का टैंकर भी मंगवाया। एडीएम ने ग्राम पंचायत हमीरपुर पहुंचकर बेरा की ढाणी में मनरेगा कार्यो का औचक निरीक्षण भी किया। इस दौरान सरपंच धर्मेन्द्र सैनी समेत तहसीलदार बानसूर व पीडब्ल्यूडी एईएन भी मौजूद रहे।

### श्याम बाबा के जागरण में भजनों की धूम मची, सजाई झांकी

**नारायणपुर (निसं)।** उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत विजयपुरा के गाँव लीलामंढा में गत रात्रि को द्वितीय विशाल जागरण हनुमान मंदिर के पास आयोजित हुआ। श्याम जागरण में रात भर बाबा के भजनों की धूम मची, इस दौरान मनमोहक झांकी सजाई गई। जागरण की शुरुआत श्याम बाबा की अखण्ड ज्योत और अलौकिक श्रृंगार के साथ की गई। जागरण में खाटूश्याम से निज मंदिर पुजारी महंत मोहनदास महाराज, पुरुषोत्तमदास आश्रम से महामंडलेश्वर जनार्दनदास महाराज व बानसूर विधायक देवीसिंह शेखावत श्याम जागरण में पहुंचकर श्याम बाबा के दरबार में धोक देकर आशीर्वाद लिया। इस दौरान आयोजनकर्ताओं ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर व माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। जागरण में करीब आधा दर्जन से अधिक गायक कलाकारों द्वारा श्याम भजनों की प्रस्तुती दी गई। इस दौरान बाहर से आए कलाकारों द्वारा धार्मिक प्रसंगों से सम्बन्धित जीवंत झांकी शिव ताण्डव, राधा-कृष्ण, सुदामा आदि आकर्षक झांकी प्रस्तुत की गई। मंच संचालन कृष्ण मुरारी मीणा ने किया। सुबह सामूहिक आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर साध्वी विदुषी सरस्वती, पप्पूराम मीणा, कमलेश मीणा सहित बडी संख्या में श्याम भक्त मौजूद थे।

### किसान महापंचायत की बैठक 30 को

**निवाई, ( निसं)।** कृषि उपज मंडी परिसर में 30 मई को किसान महापंचायत की बैठक आयोजित होगी। दशरथसिंह चौहान ने बताया कि कृषि उपज मंडी परिसर में 30 मई को किसान महापंचायत का आयोजन सुबह10 बजे किया जाएगा जिसमें किसानों के हक, अधिकार, वर्तमान समय में हो रहे अत्याचार सहित कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। उन्होंने बताया कि बैठक में नवीन कार्यकारिणी का भी गठन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि बैठक के बाद किसानों के हक को लेकर उपखंड अधिकारी को ज्ञापन दिया जाएगा।

### प्याउ पर पानी भरवाने की व्यवस्था की

**दूदू, (निसं)।** अतिरिक्त जिला कलेक्टर गोपाल परिहार ने गर्मी के मौसम में पेयजल समस्या को देखते हुए आमजन एवं पक्षियों के लिए प्याऊ एवं परिंडे लगाने के लिए विभिन्न स्थानों को चिन्हित कर प्याऊ पर मटके रखवा टैंकर से पानी भरवाने की व्यवस्था की। परिहार ने रोडवेज बस स्टैंड नरेना रोड पर अस्पताल में स्कूल के पास मालपुरा व मोजमाबाद रोड पर मंगलवार से सुचारू रूप से व्यवस्था करने के निर्देश नगर परिषद आयुक्त शिकेश कांकरिया को दिए गए। इस दौरान बस स्टैंड पर संचालित प्याऊ की व्यवस्था को देखकर व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए।

### ममता देवी को प्रशंसा पत्र भेजा

**खाटूश्यामजी, (निसं)।** भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष वानति श्रीनिवासन ने खाटूश्यामजी नगरपालिका अध्यक्ष व महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष ममता देवी को प्रशंसा पत्र भेजा है। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने ममता देवी द्वारा लोकसभा चुनाव में हरियाणा प्रदेश में जमीनी स्तर पर पार्टी के लिए किए कार्यों के लिए आभार जताते हुए कहा कि हरियाणा में चुनाव प्रचार के दौरान मजबूती मिली है। महिला मोर्चा उपाध्यक्ष के नाते जिन क्षेत्रों में चुनाव अभियान में प्रचार किया वहां पार्टी को मजबूती मिली है।

# उपमुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंप हत्या के आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग

**दूदू, (निसं)।** जिला मुख्यालय पर संचालित पुलिस थाना क्षेत्र के अधीन छापरवाडा बांध के समीप खेत में गत 21 दिन पहले एक व्यक्ति की हत्या के दर्ज प्रकरण में पुलिस द्वारा कार्रवाई नहीं किए जाने पर सोमवार को सर्वसमाज के प्रतिनिधि मंडल ने मृतक के पुत्र के साथ उप मुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा को ज्ञापन पेश कर प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराई जाकर आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार करने की मांग की। पीडित पुत्र रमेश गुर्जर ने अवगत कराया की हमारे खातेदारी की जमीन पर करीब दस पन्द्रह जनों द्वारा जेसीबी से बजरी अवैध रूप से खनन की जा रही थी। मना करने पर गाली गलौज कर मारपीट करने लगे मैंने मेरे पिता को यह कह दिया कि झगडा मत करो खनन करने दो फोन काट दिया। थोडी देर बाद मैंने वापस फोन किया तो पिताजी ने नहीं उठाया और न हीं घर आए। शाम को 7 बजे रिश्तेदारों एवं आसपास पिताजी की तलाश की गई लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली इस दौरान हम खेत पर रात्रि को 2 बजे पहुंचे जहां 10-15 लोग बजरी खनन कर रहे थे। नाले के पास ही पिता का शव मिला वही ट्रैक्टर पर जेसीबी मशीन चल रही थी। तत्काल पुलिस थाना दूंदू में फोन किया फिर पुलिस पहुंची इसके बाद जयपुर से एफएसएल टीम व डाग स्क्वायड टीम ने पहुंचकर साक्ष्य जुटाने के प्रयास शुरू किया। मौके पर पुलिस द्वारा अवैध खनन कर रहे जेसीबी ट्रैक्टर ऑनर के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की। पीड़ित पुत्र का कहना है कि मृतक के पैरों के नीचे खून निकलता देखा है व शव के पास बिखरा पडा मिला। पुलिस द्वारा 21 दिन बीत जाने के बाद भी आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया गया।